राष्ट्रीय सेवा भारती


सेवा सागर

www.rashtriyasewabharati.org | वर्ष 2023, शुक्ल पक्ष (ज्येष्ठ) विक्रम संवत - 2080, मई | ई बुलेटिन : मासिक पत्रिका



# उड़िसा - बालासोर में भीषण रेल दुर्घटना





उडिसा के बालासोर में 2 जून को हुई भीषण रेल दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सैकड़ों स्वयंसेवक राहत और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

संघ के स्वयंसेवक देश में कहीं भी दुर्घटना होने पर प्रथम पंक्ति में रहकर बचाव व राहत कार्य में जुड़ जाते है। उड़ीसा रेल दुर्घटना स्थल के पास स्थित गांव बहनागा में संघ की शाखा होने के कारण तुरंत लगभग 250 स्वयंसेवक दुर्घटनास्थल पर पहुँच गए। राहत बचाव के लिए तत्काल प्रभाव से ऑटो, मोटरसाइकिलों के द्वारा घायलों को अस्पताल ले जाया गया। बोगियों के अंदर जाकर शवों को निकालने की व्यवस्था भी संभाली।

सेवा भारती, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, हिन्दू जागरण मंच एवं बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता, लगातार दुर्घटना में पीड़ित परिजनों की सहायता में लगे रहे। 500 यूनिट रक्तदान एक ही रात में स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। इस दुर्घटना में 280 मृत जिनमें से 180 अज्ञात है, कुल घायलों की संख्या रही जिनमें से 850 को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और 300 से अधिक का उपचार अस्पताल में चल रहा है।





## देवदूत बने संघ के स्वयंसेवक, सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंच राहत कार्य में जुट गए

जागरण संवाददाता, बालेश्वर : आरएसएस के 400 स्वयंसेवक बहानगा ट्रेन दुर्घटना में घायलों के लिए किसी देवदूत से कम नहीं थे। जो दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन की बोगियों में घुस-घुसकर घायलों को पीठ पर लादकर बाहर निकाल रहे थे। इससे पहले कि प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंचती, स्वयंसेवकों ने दर्द से तड़पते घायल यात्रियों को टैंपो, बाइक, कार सहित जो साधन भी मिले, उसकी मदद से नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाना शुरू किया। शनिवार की शाम तक घायलों की मदद के लिए स्वयंसेवक 600 यूनिट रक्तदान कर चुके हैं और यह प्रक्रिया लगातार जारी है।

आरएसएस के प्रांत प्रचारक रवि नारायण पांडा ने बताया कि बाहानगा में ही हमारी शाखा लगती है। दुर्घटना स्थल से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर संघ के जिला कार्यवाह विजय साहू रहते हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही शाम साढ़े सात बजे सबसे पहले वे विभाग सह प्रचारक विष्णु प्रसाद नायक व 15 कार्यकर्ताओं के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और अंधेरे में ही राहत कार्य में जुट गए। इस समय तक एनडीआरएफ, जिला प्रशासन व रेलवे के अधिकारी नहीं पहुंचे थे।

घटनास्थल पर सेवा कार्य में लगे आरएसएस के स्वयंसेवक • जागरण

### शवों को प्लास्टिक में बांधने में लगे रहे कई स्वयंसेवक

प्रांत प्रचारक के अनुसार वाट्सएप पर अलर्ट किया और रात साढ़े नौ बजे तक 400 स्वयंसेवक बालेश्वर व भद्रक से पहुंचे। संघ के अनुषांगिक संगठनों के भी सदस्य थे। घटनास्थल पर पहुंचे स्वयंसेवकों को जो काम दिखा, उसी में जुट गए। कई घायलों को अस्पताल पहुंचाने, शवों को प्लास्टिक में बांधने, घायलों के बीच खाना व पानी का वितरण करने सहित लापता लोगों को खोजने के काम में जुटे रहे।







# बालिका छात्रावास का शुभारम्भ

### जम्मू कश्मीर प्रान्त

समाज में कोई भी वर्ग शिक्षा क्षेत्र में पीछे ना रह जाए, इसी उद्देश्य से सेवा भारती, गंदोह भालेसा, जम्मू और कश्मीर ने दिव्य कन्या छात्रावास का शुभारंभ यज्ञ आयोजित किया। जिसमें भलेसा के हर स्थान से आए हुए कार्यकर्ता यज्ञ में सम्मिलित हुए । सेवा भारती समाज के हर क्षेत्र में कार्य कर रही है।

# प्रतिभावान छात्र/ छात्राओं का सम्मान



### गुजरात प्रान्त

कर्णावती (गुजरात) के महापौर श्री किरीटभाई व स्टैंडिंग कमेटी अध्यक्ष श्री हितेशभाई बारोट ने प्रतिभावान बालिकाओं का सम्मान किया। कु. ट्विंकल परमार ने 82.83 % व कु. कृष्णा सोनवणे ने 81.05 % अंक प्राप्त कर श्री गुरुजी ज्ञान मंदिर का नाम रोशन किया।





# छात्रावास में लैपटॉप वितरण कार्यक्रम

### मध्य भारत प्रान्त

शिक्षा में तकनीकी के उपयोग से गुणवत्ता एवं सीखने के अवसरों को बढ़ाने के लिए टेक महिंद्रा कंपनी, बंगलुरु द्वारा सेवा भारती, भोपाल छात्रावास के छात्रों को 10 लैपटॉप प्रदान किए गए।



## हॉस्पिटल को व्हील चेअर व वाकर स्टिक प्रदान

**गुजरात प्रान्त**

डॉ. अम्बेडकर वनवासी कल्याण ट्रस्ट द्वारा दिनाँक 31 मई 2023 को रुग्ण सेवा प्रकल्प के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल में 13 व्हील चेअर, 13 वाकर स्टिक सेवा कार्यकर्ताओं द्वारा रोगियों की सेवा हेतु प्रदान की गई।

## न्यूरोथेरेपी केंद्र का शुभारम्भ



**तमिलनाडु प्रान्त**

सेवा भारती, तमिलनाडु ताम्बरम केंद्र पर न्यूरोथेरेपी केंद्र प्रारम्भ किया गया।

## सेंट्रल जेल में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन




**मालवा प्रान्त**

माधव सृष्टि एवं चोइथराम नेत्रालय के सौजन्य से सेंट्रल जेल में 180 कैदियों का नेत्र परीक्षण किया गया।

शिविर में लगभग 40 से अधिक कैदियों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।



## चल - चिकित्सालय का लोकार्पण




**जोधपुर प्रान्त**

प्रांतीय सेवा भारती, जोधपुर द्वारा उत्कर्ष क्लासेज के सौजन्य से सेवा भारती समिति अनूपगढ को चल-चिकित्सालय वाहन भेंट किया गया, इस चल-चिकित्सालय का लोकार्पण समाजसेवी मा. हरनेकसिंह जी कलेर व बाबा अमरसिंह जी के कर कमलों से किया गया। सेवा बस्तियों में वंचित पीड़ितों के लिए उपलब्ध रहेगा।

## सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मध्य भारत प्रान्त**

सेवा भारती, बेतूल द्वारा चल-चिकित्सालय वाहन द्वारा सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य जाँच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन सेवा बस्ती ,अयोध्या में किया गया।



## योग - साधना कार्यक्रम का आयोजन

**पंजाब प्रान्त**

सेवा भारती, पंजाब और भारतीय योग संस्थान अहमदगढ़ द्वारा योग-साधना कार्यक्रम दयानंद आदर्श विद्यालय में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बताया गया कि आज के भाग दौड़ के जीवन में योग के द्वारा सम्पूर्ण रूप से स्वयं को स्वस्थ रखा जा सकता है।






## संस्कार केन्द्रों पर आयोजन

### मध्य भारत प्रान्त

सेवा भारती के संस्थापक आदरणीय स्वर्गीय श्री विष्णु कुमार जी की जन्म जयंती पर सेवा सप्ताह का शुभारम्भ सेवा भारती छात्रावास , केदारपुर में किया गया। विभिन्न बस्तियों में 10 स्थानों पर सेवा भारती द्वारा संस्कार केंद्र प्रारंभ किए गये । जिसमें सेवा बस्तियों के विद्यार्थियों को संस्कार केन्द्रों के माध्यम से नियमित शिक्षा के विद्यालयों से जोड़ा जायेगा। जिससे वह समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें ।

*"शिक्षा की सुविधा हो सबको सभी एक हो, भेद न हो "*

## मातृ मंडल प्रशिक्षण वर्ग



### मेरठ प्रान्त

सेवा भारती मातृ मंडल, मेरठ प्रांत में 6 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हुआ ।



## माननीय श्री विष्णु जी की जन्म जयंती पर अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन





### दिल्ली प्रान्त

पुरातन छात्र परिषद् सेवा धाम विद्या मन्दिर और सेवा भारती, दिल्ली द्वारा संचालित प्रकाशानन्द छात्रावास में सेवा भारती के संस्थापक माननीय श्रीमान विष्णु जी के जन्म जयंती के उपलक्ष्य पर अखण्ड रामायण पाठ के कार्यक्रम का आयोजन वजीराबाद में किया गया। हिमाचल प्रदेश से रामायण पाठ करने आई श्री हरि सत्संग समिति की बहनों द्वारा कथास्थल पर घट स्थापित एवं पूजा उपासना के बाद प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर श्री विष्णु जी स्मृति सम्मान कार्यक्रम रखा गया, जिसमें प्रकाशानन्द छात्रावास से लाभान्वित छात्र जो अभी अच्छे पदों पर कार्यरत हैं; उनका अतिथियों के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। ऐसे 6 पूर्व छात्रों को यह सम्मान प्रदान किया गया।

## जावा भाषा पाठ्यक्रम का शुभारम्भ

**तेलंगाना प्रान्त**

सेवा भारती, तेलंगाना और रोटरी क्लब के द्वारा लकड़ी का पुल बस्ती में जावा भाषा फुल स्टेक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम कोर्स शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में बस्ती के 20 युवा लाभान्वित हो रहें है।





## स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीन प्रदान



**मालवा प्रान्त**

सेवा भारती, बड़ा घोसलिया द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षित दो बहनों को सेवा भारती द्वारा सिलाई मशीन स्वरोजगार हेतु प्रदान की गई।

## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ





**केरल प्रान्त**

सेवा भारती,केरल प्रान्त द्वारा केंद्र वडस्सेरीक्कारा और पेरुनाड गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की एक पहल शुरू की गयी । इस पहल को **"संस्कृति पर्थ, ऑस्ट्रेलिया"** के सहयोग से प्रारंभ किया गया है। गाँव के सम्पूर्ण विकास के लिए इस कार्यक्रम में श्री वलसन थिलंकरी,हिंदू ऐक्यवेदी राज्य के कार्यकारी अध्यक्ष और स्थानीय केन्द्रों के पदाधिकारियों के सानिध्य में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। इन सिलाई केन्द्रों से प्रशिक्षित प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु स्व-रोजगार से जोड़ा जाएगा। इस पहल में युवाओं को जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षित हो रही माताएं/ बहनें





**दक्षिण बंग**

समाज सेवा भारती कलाईकुंडा, खड़गपुर पश्चिम बंगाल द्वारा विवेकानंद कौशल विकास केंद्र के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की 30 बहनों को स्वरोजगार हेतु सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## मेहंदी एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण वर्ग



**सम्पूर्ण भारत**

सेवा भारती के अनेकों केन्द्रों पर कौशल प्रशिक्षण हेतु मेहंदी एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किये जा रहे है। इन केन्द्रों से प्रशिक्षण प्राप्त कर पिछड़ी बस्तियों की महिलाओं ने आत्मनिर्भर बनने हेतु स्वरोजगार केंद्र शुरू किए है।





# दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**तमिलनाडु प्रान्त**

सेवा भारती उत्तर एवं दक्षिण तमिलनाडु कार्यकर्ताओं के लिए 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 27 और 28 मई 2023 कोयम्बटूर के कोंगुनाडु आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता श्री वेंकटेशमूर्ति, प्रशिक्षण प्रमुख-राष्ट्रीय सेवा भारती एवं स्थानीय पदाधिकारियों के निर्देशन में आयोजन किया गया इस कार्यशाला में विकास के मॉडल, सामाजिक सरोकारों को डिजाइन करना, बस्ती विकास का तीन साल का रोडमैप तैयार करना, संगठनात्मक - संरचनात्मक भूमिकाएं ओर जिम्मेदारियां तथा कार्यालय प्रबंधन जैसे विषय सम्मिलित थे। इस कार्यशाला में उत्तर एवं दक्षिण तमिलनाडु के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



# वार्षिक योजना बैठक

**उत्तर असम प्रान्त**

सेवा भारती पूर्वांचल द्वारा **"वार्षिक योजना बैठक"** सेवा प्रकल्प, गुवाहाटी (असम) में 27, 29 मई 2023 को माननीय विजय जी पुराणिक सयुंक्त महामंत्री-राष्ट्रीय सेवा भारती की उपस्थिति में आयोजित की गई। इस बैठक में वर्षभर चलने वाले सेवाकार्यो की योजना बनाकर कार्य करने का रोडमैप तैयार किया गया। इस बैठक में विजय जी पुराणिक ने कार्य विस्तार और कार्य की गुणवक्ता दोनों विषयों के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

# शिक्षा आयामों में उत्कृष्टता-
# बोर्ड परीक्षा के परिणामों में "छात्रावासों की सफलता"

## छात्रावास के दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम 2023:

### सेवाधाम (बालक) और सेवाकुंज (बालिका ) छात्रावास- जोधपुर प्रान्त

**दसवीं बोर्ड रिजल्ट 2023: उत्तीर्ण -09**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सवाईराम | 92.00 % |
| 2 | अमृतलाल | 90.50 % |
| 3 | अक्षय कुमार | 80.50 % |

**बारहवीं बोर्ड रिजल्ट 2023: उत्तीर्ण -18**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कंचन पवार | 89.40 % |
| 2 | राजू गेंवा | 88.40 % |
| 3 | अंजू गेंवा | 83.80 % |

### सीमाजन छात्रावास - चौहटन

**दसवीं बोर्ड रिजल्ट 2023:उत्तीर्ण - 08**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | हिंगलाज दान | 77.00 % |
| 2 | जसवंत सिंह | 75.67 % |
| 3 | सुरेश गोदारा | 71.83 % |

### सीमाजन छात्रावास - जैसलमेर

**बारहवीं बोर्ड रिजल्ट 2023: उत्तीर्ण -13**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | लोकेन्द्र सिंह | 85.67 % |
| 2 | रमेश सिंह | 79.17 % |
| 3 | कुलदीप सिंह | 78.50 % |

### कक्षा बारहवीं परीक्षा परिणाम जीवन उमँग बालिका छात्रावास ( बिचौली मर्दाना,इंदौर ) 2023

**विषय -बॉयो: उत्तीर्ण - 20**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वन्दना वास्केल | 75.20 % |
| 2 | अनिता मुवेल | 74.20 % |
| 3 | रोशनी तंवर | 74.20 % |

**विषय : कॉमर्स**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पूजा वास्केल | 85.00 % |
| 2 | मनीषा मंडलोई | 72.40 % |
| 3 | जया नागर | 70.60 % |

# प्रेरणादायी पहल


जीते जी रक्त दान **शोक पत्रिका** मरणोपरान्त नेत्र दान

श्रीमान्

अत्यंत दुःख के साथ लिखने में आता है कि श्री शान्तिलालजी राठौड़ टवली (मंत्री सा.) के भतिजे, राजेन्द्र, स्व. दिलीप, बालकृष्ण, बंशीलाल, मांगीलाल, फौजमल, विनोद, गणपत, महेश, रामनारायण, प्रवीण, दिनेश, लोकेश के बड़े भ्राता, मनोज, संजय, ओमप्रकाश के पूज्य पिताजी, दीपक कृष्णकांत, लखन के ताउजी, गौतम, गौरव, रोहित, हर्ष, विष्णु, मयंक, कान्हा, भव्य के दादाजी **श्री तेजमल सीतारामजी राठौड़** का देवलोकगमन दि. 03/05/2023 बुधवार को हो गया।

जिनका उत्तरकार्य निम्नानुसार रखा गया हैं।

✲ **दशाकर्म** : दि. 12/05/2023, शुक्रवार

✲ **पगड़ी एव प्रसादीभोज** : दि. 15/05/2023, सोमवार

समय : प्रातः 11 बजे से.. स्थान : निज निवास, बोरी

**रक्तदान शिविर :**
दि. 15.05.2023 सोमवार प्रातः 11 बजे से..
**विशेष** : रक्तदान एवं नेत्रदान को समाज की परम्परा बनाए।

**शोकाकुल :**
मनोज तेजमलजी राठौड़
एवं समस्त टवली परिवार, बोरी
मो.- 9755422146, 9302345541, 9179611919

## मालवा प्रान्त

जिला आलीराजपुर ,तहसील जोबट जहाँ शोक निवारण पत्रिकाओं के माध्यम से किया जा रहा है रक्तदान का आग्रह। क्षेत्र में होने वाले शोक निवारण पगड़ी के कार्यक्रमों में परिजनों से आग्रह करके शोक निवारण के दिन ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाता है। अभी तक लगभग 50 परिवारों में शिविरों के माध्यम से लगभग 500 यूनिट रक्तदान हुआ। पूरे क्षेत्र में अलग-अलग अवसरों पर चाहे धार्मिक, कथा, अन्य कार्यक्रम हो समाज जागरण के अभियान, इन आयोजनों में रक्तदान शिविरों का आयोजन प्रारंभ हुआ है।

### निशुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर और चश्मे वितरित



**दक्षिण बंग प्रान्त**

### माधव चिकित्सा सेवा केंद्र का शुभारंभ




**मालवा प्रान्त**

### माधव सेवा प्रकल्प काशी प्रांत की कंप्यूटर और सिलाई सीखने वाली सभी बहनों को केरला स्टोरी फ़िल्म दिखाई गई



**काशी प्रान्त**

## — कार्यवृत —

नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, उपेक्षित, अभावग्रस्त एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय -झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर के 903 जिलों में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 43045 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं।

शिक्षा-16184 | स्वास्थ्य-10513 | सामाजिक-9543 | स्वावलंबन-6805

**कार्यालय पता**

**राष्ट्रीय सेवा भारती**

BD-37, गली न.14, फैज़ रोड,
करोल बाग, नई दिल्ली -110005
वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org
ईमेल : rashtriyasewa@gmail.com
फोन न. : 011-46523618,
मोबाइल न. 09868245005

**BANK DETAILS FOR DONATION**

| | |
|---|---|
| Account Name: | Rashtriya Sewa Bharati |
| Account No. | 10080533451 |
| Bank Name: | State Bank of India |
| Branch Address: | Jhandewalan Extn. |
| IFSC: | SBIN0009371 |

राष्ट्रीय सेवा भारती को दिया गया दान, आर्थिक सहयोग आयकर की धारा 80G के अंतर्गत आयकर मुक्त है